लापरवाह डेयरी संचालकों का आवंटन निरस्त

शहर से डेयरियों को बाहर करने के कार्रवाई तेज, 155 डेयरी संचालकों की राशि होगी राजसात, नवीन आवेदनों के लिए टीम गठित

नवभारत न्यूज

सागर 7 जुलाई. शहर को स्वच्छ, सुंदर और यातायात की समस्याओं से मुक्त बनाने के लिए नगर पालिक निगम द्वारा चलाए जा रहे डेयरी विस्थापन कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्देश जारी किए हैं.

कलेक्टर हफसिली पहुंची जहां उन्होंने नगर निगम प्रशासन को डेयरी विस्थापन क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को युद्धस्तर पर पूरा करने के आदेश दिए हैं. कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि विस्थापन स्थल पर डेयरी संचालकों और वहां काम करने वाले नागरिकों के लिए सभी समुचित सुविधाएं हर हाल में दुरुस्त की जाएं.

उल्लेखनीय है कि ननि के जांच दल द्वारा हफसीली विस्थापन स्थल का भौतिक सत्यापन किया गया था. एमआईसी और परिषद की बैठकों में लिए गए निर्णयों के बाद भी कई डेयरी संचालकों द्वारा गंभीर लापरवाही बरती जाना पाया गया. रिपोर्ट के अनुसार सूची में शामिल डेयरी संचालकों में से केवल 4 संचालकों ने ही मौके पर शेड का निर्माण किया है. जबकि 155 ऐसे डेयरी संचालक पाए गए हैं, जिन्होंने भूखंड आवंटन और नोटिस मिलने के बावजूद न तो मौके पर शेड निर्माण कराया है और न ही अपने पशुओं को वहां स्थानांतरित किया है. इनमें से कई संचालक शहर में वापस आकर अवैध रूप से डेयरियां संचालित कर रहे हैं.

कलेक्टर के कड़े रुख के बाद अब नगर निगम प्रशासन इन डिफाल्टरों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में है. नियम विरुद्ध कार्य करने वाले ऐसे सभी डेयरी संचालकों के आवंटन निरस्त करने के साथ-साथ उनके द्वारा जमा की गई राशि को राजसात करने की कार्रवाई की जा रही है. जिन डेयरी मालिकों को भूखंड की रजिस्ट्री की जा चुकी है, नियमों का उल्लंघन करने पर उनकी रजिस्ट्री को शून्य कराने हेतु जिला रजिस्ट्रार को पत्र भेजकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। विस्थापन की कतार में शामिल 54 नवीन आवेदकों को भूखंड आवंटित करने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है ताकि जरूरतमंद और इच्छुक डेयरी संचालकों को तुरंत जगह दी जा सके. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि शहर की स्वच्छता और यातायात व्यवस्था के लिए यह अति आवश्यक है. हफसीली विस्थापन स्थल पर बिजली-पानी और चिकित्सा जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं जल्द से जल्द सुनिश्चित की जा रही हैं. जो संचालक नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं, उनके आवंटन निरस्त कर सख्त कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं. इस पूरी मुहिम में नगर से डेयरियों को बाहर करने की कार्रवाई और नवीन आवेदनों के लिए उपायुक्त डॉ. एस.एस. बघेल, राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी, कार्यपालन यंत्री संजय तिवारी, सहायक यंत्री दिनकर शर्मा सहित उपयंत्रियों की टीम को विस्थापन स्थल पर रोजाना की प्रगति रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं. निरीक्षण के दौरान एसडीएम अमन मिश्रा, उपायुक्त एस के बघेल, तहसीलदार राहुल गौड सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

रिमझिम बारिश से मौसम हुआ सुहाना

सागर में मानसून ने पकड़ी रफ्तार, खुरई में सबसे ज्यादा वर्षा, अगले 48 घंटे रहेंगे अहम

नवभारत न्यूज

सागर 7 जुलाई. लंबे इंतजार के बाद सागर जिले में मानसून अब धीरे-धीरे सक्रिय होता दिखाई दे रहा है. पिछले कुछ दिनों से सुबह होते ही आसमान में बादलों का जमाव बना हुआ है और अलग-अलग क्षेत्रों में रुक-रुककर बारिश का सिलसिला जारी है.

जानकारी के अनुसार मंगलवार को भी सुबह से घने बादलों ने पूरे जिले को अपनी आगोश में लिए रखा. कई इलाकों में रिमझिम बारिश हुई, जिससे वातावरण में फैली उमस कम हुई और लोगों को गर्मी से राहत मिली. बारिश के कारण मौसम पूरी तरह बदल गया और सुबह के समय ठंडी हवाएं चलने से लोगों ने सुहाने मौसम का आनंद लिया.

हालांकि जिले में अभी तक लगातार और मूसलाधार बारिश देखने को नहीं मिली है, लेकिन मौसम के बदले तेवर इस बात के संकेत दे रहे हैं कि मानसून अब मजबूत दौर में प्रवेश कर रहा है. मौसम वैज्ञानिकों का भी मानना है कि आने वाले दो दिनों में बारिश की गतिविधियों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हो सकती है. बारिश और बादलों की मौजूदगी का असर तापमान पर भी साफ दिखाई दिया. मंगलवार को अधिकतम तापमान लगभग 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान घटकर 23.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया. पिछले 24 घंटों के दौरान जिले के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई. सबसे अधिक वर्षा खुरई क्षेत्र में रिकॉर्ड की गई, जहां एक इंच से अधिक पानी बरसा. इसके अलावा सागर शहर में करीब आधा इंच वर्षा दर्ज की गई. सिर्फ सागर और खुरई ही नहीं, बल्कि मालथौन, बंडा, गढ़ाकोटा, राहतगढ़ और देवरी सहित कई इलाकों में भी अच्छी बारिश हुई. बारिश से खेतों में नमी बढ़ी है, जिससे खरीफ फसलों की बुआई कर चुके किसानों को राहत मिली है.

आचार्य संघ की हुई अगवानी

नवभारत न्यूज

सागर 7 जुलाई. आचार्य श्री विभव सागर महाराज की सागर नगर में 7 जुलाई को अगवानी प्रमुख मार्गों से होती हुई गौराबाई जैन मंदिर में हुई. आचार्य संघ का इंदौर से विहार वर्षायोग चातुर्मास हेतु सागर के लिए एक माह से चल रहा था.

गौराबाई मंदिर में महेश बिलहरा, संतोष घड़ी, मुकेश जैन ढाना देवेंद्र जैना, दिनेश बिलहरा, इंदू नायक, श्रेयांश जैन, अशोक वीर, मुकेश जैन पारस अभय बरायठा, देवेंद्र लुहारी, रश्मि रितु, पराग बजाज, श्रीकांत जैन, सहित अनेक लोगों ने श्रीफल समर्पित कर आशीर्वाद ग्रहण किया. इस अवसर पर मुनिश्री शाश्वत सागर महाराज ने धर्म सभा को संबोधित किया.

आचार्य श्री विभव सागर महाराज ने कहा कि सागर की जैन समाज हमेशा साधु संतों के प्रति समर्पित रही है इस बार वर्षायोग चातुर्मास सागर में हो रहा है, 4 माह तक आप सभी को धर्म लाभ लेना है. संतोष घड़ी ने बताया 26 जुलाई को सागर में आचार्य संघ का कलश स्थापना समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम का संचालन अशोक पिडरुआ ने किया.

जल से अभिषेक हुआ

सागर. आषाढ़ माह के द्वितीय मंगलवार को श्री देव डूंठावाली हनुमान जी को गंगा, जमुना, सरजू नर्मदा आदि के जल से अभिषेक किया गया. रुद्राक्ष अर्पण कर हनुमान जी को शंकर जी रूप में श्रृंगार संतोष सोनी मारुति के द्वारा किया गया. 1100 दीपों से महा आरती की गई. लहदरा नाका में पिताश्री केसरी जी मां अंजनी देवी एवं 21 फुट के बड़े हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई.

महापौर ने ट्रैफिक पार्क में किया पौधारोपण

नवभारत न्यूज

सागर 7 जुलाई. एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत ननि द्वारा काकागंज वार्ड स्थित ट्रैफिक पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया.

महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. महापौर ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के लिए प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए.

महापौर ने नगर निगम के सभी पार्षदों से अपने-अपने वार्डों में उपलब्ध रिक्त भूमि पर पौधारोपण कराने एवं पौधों के संरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया. इस अवसर पर राजकुमार पटेल, संगीता जैन, रुबी पटेल, श्रीमती संध्या भार्गव, प्रतिभा चौबे, कनई पटेल, सोमेश जड़िया, निवेदिता रत्नाकर, तृप्ति सिंह, शालिनी तिवारी, गीता बाल्मीकि, अमित रैकवार, बबलू चौरसिया सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे.

काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

नवभारत न्यूज

सागर 7 जुलाई. शासकीय कन्या महाविद्यालय में विभिन्न मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन के तहत प्राध्यापकों ने काली पट्टी बांधकर मांगों को लेकर विरोध जताया.

संभागीय अध्यक्ष डॉ रश्मि दुबे ने बताया सभी सहायक प्राध्यापकों एवं प्राध्यापकों ने काली पट्टी बांधकर सरकार का ध्यान मांगों की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया. जिलाध्यक्ष अंजना चतुर्वेदी ने बताया कि जिले के सभी महाविद्यालयों में प्रांतीय प्राध्यापक संघ के सदस्य इस दौरान काली पट्टी बांध कर शासकीय कार्य कर रहे हैं.

एक नजर में

जामा मस्जिद कमेटी अध्यक्ष बने हाजी उस्मान

सागर. मप्र वक्फ बोर्ड ने वक्फ कटरा जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष पद पर हाजी उस्मान राईन को नियुक्त किया है. इस अवसर पर श्री राईन ने वक्फ बोर्ड में पुन: प्रदेश अध्यक्ष बनने पर डॉ सन्नवर पटेल को भोपाल जाकर बधाई दी. श्री राईन ने कहा कि वे सभी सदस्यों को साथ लेकर पारदर्शिता एवं आपसी सहयोग के साथ मस्जिद और वक्फ की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे. उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता, धार्मिक गतिविधियों के सुचारु संचालन तथा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी. श्री राईन को अध्यक्ष बनने पर शुभचिंतकों ने उन्हे बधाई प्रेषित की है.

प्रगति ने तीन तथा भूमिका ने 2 मैडल जीते

सागर. वाटर स्पोर्ट्स केनोइंग-क्याकिंग जूनियर/सब जूनियर स्मिता नेशनल चैम्पियनशिप खेल प्रतियोगिता का आयोजन विशाखापट्टनम में किया गया. जिसमें खेल परिसर की पूर्व व्हालीबॉल खिलाड़ी प्रगति शर्मा ने 13 राज्यों में प्रदर्शन कर मध्यप्रदेष को प्लेयर आफ द अवार्ड से नवाजा गया. प्रगति ने सी-1,1000मी. में स्वर्ण पदक,सी-4, 500मी. में स्वर्ण पदक तथा सी-4, 200मी. में रजत पदक प्राप्त किये तथा भूमिका ने सी-4, 1000मी.में रजत पदक तथा सी-2, 500मी.में रजत पदक प्राप्त किया. भूमिका ने प्रगति के खेल से प्रोत्साहित होकर वाटर स्पोट्स में आकाश तिवारी से प्रशिक्षण प्राप्त किया.प्रगति,भूमिका खेल परिसर स्थित व्हालीबॉल प्रशिक्षण केन्द्र में सीमा चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त करती थी.

विवि के वैली कैंपस में लगाए तरु के पौधे

सागर. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के वैली कैंपस में विचार समिति द्वारा लक्ष्मी तरू के 50 पौधों का रोपण किया गया. कुलपति प्रो. वाय.एस. ठाकुर ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में 500 पौधे लगाए जा चुके हैं. विचार समिति अध्यक्ष कपिल मलैया ने बताया कि यह तेजी से बढ़ने वाला सदाबहार, औषधीय एवं बहुउपयोगी वृक्ष है. इसके बीजों से तेल निकाला जाता है, जिसका उपयोग जैव ईंधन, साबुन और विभिन्न प्रसाधन सामग्री के निर्माण में किया जाता है. उन्होंने बताया कि समिति अब तक मंगलगिरी के पहाड़ी क्षेत्र में 12 हजार पौधे लगा चुकी है, जो अब विकसित होकर घने जंगल का स्वरूप ले चुके हैं. राजघाट कैचमेंट क्षेत्र में समिति द्वारा एक लाख 11 हजार सीड बॉल का रोपण किया गया था. तीन वर्ष पूर्व कराए गए सर्वे में इनमें से करीब 14 हजार पौधे विकसित होकर पेड़ बन चुके थे.

महिलाओं ने पकड़ी अवैध शराब

नवभारत न्यूज

गौरझामर 7 जुलाई. महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम झमारा में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं ने खुलकर विरोध जताया.

गांव में लंबे समय से अवैध शराब बेचे जाने की शिकायतों के बीच जब एक घर में शराब रखे होने की सूचना मिली तो भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं और ग्रामीण महिलाओं ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की पहल की. सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया.

ग्रामीणों के अनुसार सूचना मिली कि गांव निवासी हीरालाल लोधी अपने घर में शराब रखकर बिक्री कर रहा है. जानकारी मिलते ही भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्य और गांव की महिलाएं उसके घर पहुंच गईं. आरोपी हीरालाल लोधी फरार हो गया. इसके बाद लोगों ने घर की तलाशी ली, जहां प्लास्टिक की बोरी और एक थैले में शराब रखी मिली.

चाकू से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

सागर. गोपालगंज थाना पुलिस ने शराब पीने के लिए रुपये मांगकर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना गोपालगंज में मामला पंजीबद्ध किया गया. रिपोर्ट के अनुसार आरोपी सौरभ घरु उर्फ सोनू ने फरियादी से शराब पीने के लिए 500 की मांग की. फरियादी द्वारा रुपये देने से मना करने पर आरोपी ने चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया था. थाना प्रभारी घनश्याम शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी सौरभ घरु उर्फ सोनू को गिरफ्तार कर लिया गया. कार्रवाई पूर्ण के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया.

अरबों की सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप

नवभारत न्यूज

ललितपुर 7 जुलाई.सबसे व्यस्त एवं व्यापारिक क्षेत्र स्टेशन रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने पंडित परमानंद की प्रतिमा के पास स्थित अरबों रुपये मूल्य की कथित सरकारी नजूल भूमि पर अवैध कब्जे और विवादित रजिस्ट्री का मामला सामने आया है.

पत्रकार प्रमोद कुमार बबेले ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराने, राजस्व अभिलेखों की पड़ताल करने तथा सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग की है.

शिकायती पत्र के अनुसार संबंधित भूमि मूल रूप से आराजी संख्या 1893 (पूर्व संख्या 1930) की नजूल संपत्ति है, जिसे तत्कालीन जिलाधिकारी झांसी द्वारा 5 दिसंबर 1935 को श्रीमती बाजदा बेगम बेबा मसूक अली के नाम दर्ज किया गया था. वर्ष 1947 में भारत-पाकिस्तान विभाजन के दौरान बाजदा बेगम के पाकिस्तान चले जाने के बाद उनकी सम्पूर्ण संपत्ति भारत सरकार के अधीन आ गई. पत्र में दावा किया गया है कि बाद में भारत सरकार ने इस संपत्ति का तीन भागों में विभाजन किया. पहले चरण में एक बंगला एवं उससे संबंधित भूमि की नीलामी की गई, जिसे डॉ. ताराचंद चौधरी ने खरीदा. हालांकि बाद में 4 फरवरी 1961 को यह नीलामी निरस्त कर दी गई और राजस्व अभिलेखों से उनका नाम भी हटा दिया गया. इसके बाद 1 अप्रैल 1961 को दोबारा नीलामी कर वाई. आर. पुरी को लगभग 1775 वर्ग फीट भूमि सहित बंगला आवंटित किया गया. जिसका नाम 2 मई 1963 को भारत सरकार के आदेश पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया गया। बाद में वाई. आर. पुरी ने उक्त संपत्ति डॉ. ताराचंद चौधरी के नाम विक्रय कर दी. शिकायत में आरोप लगाया गया है कि डॉ. ताराचंद चौधरी के निधन के बाद उनके उत्तराधिकारियों ने सरकारी भूमि पर कब्जा कर लिया. आगे यह भी आरोप है कि डॉ. अनुपम चौधरी की पत्नी ने कथित रूप से विवादित भूमि का एक हिस्सा पूर्व बसपा विधायक स्व. रामकुमार तिवारी के पुत्र निखिल तिवारी के नाम रजिस्ट्री कर दिया, जबकि शिकायतकर्ता के अनुसार उक्त भूमि सरकारी नजूल संपत्ति है.

अस्पताल की सीढ़ियों पर आवारा कुत्तों का बसेरा

नवभारत न्यूज

खुरई 7 जुलाई.अपनी गलतियों को सुधारने की तुलना में दूसरों पर दोषारोपण करना और कमियों पर पर्दा डालना, गलत कारगुजारियां करने वालों की पुरानी फितरत होती है.

कुछ इसी तरह की आदतें इन दिनों शासकीय अस्पताल के प्रबंधक में साफ नजर आ रही हैं. अस्पताल प्रबंधन जारी गंभीर अव्यवस्थाओं को सुधारने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है, अपितु हकीकत को जनता तक पहुंचाने वाले समाचार पत्र कलमकारों पर दबाव बनाकर सत्यता के प्रकाशन को रोकना चाहता है. प्रबंधक द्वारा वर्तमान में नवभारत के संवाददाता पर यहाँ-वहाँ से संदेश और दबाव पहुंचवाकर हकीकत को बयां करने पर पाबंदी लगाने का असफल प्रयास किया जा रहा है.

जानकारी के अनुसार प्रबंधक को कतई पसंद नहीं है कि कोई भी अस्पताल में जारी कमियों और मरीजों की परेशानियों पर अपनी कलम चलाए. अस्पताल की जमीनी हकीकत यह है कि मरीजों और उनके परिजनों को आने-जाने के लिए जिस मुख्य सीढ़ियों का इस्तेमाल करना होता है, वहां आवारा कुत्ते आराम फरमाते नजर आते हैं. अब सवाल यह उठता है कि जिस स्थान पर खूंखार आवारा कुत्ते कुंडली मारकर बैठे हों, वहां से कोई मरीज या तीमारदार कैसे आ-जा सकता है? अस्पताल की सीढ़ियों पर हमेशा रहने वाले इन आवारा कुत्तों के कारण मरीजों और उनके तीमारदारों में हर वक्त डर और दहशत का माहौल बना रहता है. कहते हैं कि जो ढीठ किस्म का होता है, वह कभी सुधरने का नाम नहीं लेता. यह कहावत खुरई अस्पताल प्रबंधन पर सटीक बैठती है। जैसे प्रसिद्ध फिल्म शोले के जेलर ने अपने कैदियों से कहा था कि जब हम नहीं सुधरे, तो तुम क्या सुधरोगे! ठीक इसी तर्ज पर आज अस्पताल के जिम्मेदार अधिकारी भी चल रहे हैं, उन्हें न तो मरीजों की सुरक्षा की परवाह है और न ही अपनी कमियों को ठीक करने की इच्छा, बस उनका पूरा जोर सच की आवाज को दबाने में लगा हुआ है.

एलपीजी गैस किट जप्त

सागर. आरटीओ द्वारा बंडा, बरायठा क्षेत्र में 18 स्कूली वाहनों को चैक किया गया, जिनमें से ईको वाहन क्रमांक एमपी 52 सीए 0529 जो एलपीजी गैस किट से संचालित होते हुए पाई गई. उक्त वाहन में फायर सिस्टम नहीं पाया गया तथा क्षमता से अधिक स्कूली बच्चे बैठे पाये जाने पर वाहन को जप्त कर कार्यालय परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया. साथ ही कार्यवाही में अधिकांश स्कूल बसें संचालित होते हुए पाई गई, चैंकिग का प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है. उक्त कार्यवाही शहरी क्षेत्र में की गई थी. चैकिंग के कारण कुछ वाहन चालकों द्वारा रास्ता बदलकर जाने का प्रयास किया किन्तु जांच दल द्वारा उन्हें जांच दायरे में लिया गया तथा कमी पाये जाने पर वाहन जप्त की गई है. अभिभावकों से अपील की जाती है कि वह बच्चों को ऐसे स्कूली वाहन में स्कूल न भेजे जो एलपीजी गैस किट से संचालित है.

युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सागर 7 जुलाई.सांदीपनि विद्यालय शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 में प्राचार्य विनय दुबे पर लोकायुक्त की कार्रवाई के बाद ट्रांसफर की जा चुकीं महिला क्लर्क को संरक्षण देने और वरिष्ठ कार्यालय के आदेशों की अवहेलना करने के गंभीर आरोप लगे हैं.

युवा कांग्रेस ने छात्रों की गूंज अभियान के तहत कमिश्नर अनिल सुचारी को एक शिकायती ज्ञापन सौंपकर प्राचार्य पर कार्रवाई की मांग की है. ज्ञापन में युकां जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी ने बताया कि सहायक ग्रेड-3 गंधाली कदम फ्रांसिस को लोकायुक्त संगठन पुलिस इकाई द्वारा रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों ट्रैप किया गया था. आरोपी क्लर्क को एमएलबी स्कूल से हटाकर बीईओ जैसीनगर पदस्थ करने का निर्देश था. युवा कांग्रेस का आरोप है कि आरोपी क्लर्क को रिलीव नहीं किया. इस दौरान सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, पार्षद रिचा सिंह, निखिल चौकसे, अमन सिंह लोधी, राजू डिस्क, सत्यम सिंह चौधरी, एड. शिवराज लड़िया मौजूद थे.

रेलवे को एसडीएम ने पत्र भेजा

नवभारत न्यूज

बीना 7 जुलाई. रेलवे द्वारा शिव वार्ड, शास्त्री वार्ड एवं अन्य स्थानों में की गई ध्वस्तीकरण कार्यवाही से प्रभावित परिवारों को राहत, पुनर्वास, मुआवजा एवं भूमि संबंधी अभिलेख उपलब्ध कराने तथा बिना वैधानिक प्रक्रिया के बेदखली की कार्यवाही रोकने के संबंध में दिए गए ज्ञापन पर एसडीएम द्वारा संज्ञान लिया गया है.

एसडीएम द्वारा सहायक मंडल अभियंता, पश्चिम मध्य रेलवे, को उक्त ज्ञापन संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजा गया है. एड. महेन्द्र नवैया के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा पूर्व में ज्ञापन में मांग की गई थी कि रेलवे की कार्यवाही से जिन गरीब, मजदूर, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं कमजोर वर्ग के परिवारों के मकान, झोपड़ियां, रहवास प्रभावित हुए हैं, उन्हें तत्काल मानवीय आधार पर राहत दी जाए. ज्ञापन में मांग की गई थी कि प्रभावित परिवारों का विधिवत सर्वे कराया जाए, प्रत्येक परिवार की क्षति का पंचनामा तैयार किया जाए तथा नुकसान का मुआवजा दिया जाए. अब रेलवे प्रशासन से अपेक्षा है कि वह तत्काल राहत, पुनर्वास, मुआवजा और अभिलेख उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस एवं समयबद्ध कार्यवाही करे.

मोतीनगर वक्फ तंजीम कमेटी को फिर मिली जिम्मेदारी

मप्र वक्फ बोर्ड ने 11 सदस्यीय समिति का किया पुनर्गठन, इरशाद खान तीसरी बार अध्यक्ष और नफीस खान हुए सचिव नियुक्त

नवभारत न्यूज

सागर 7 जुलाई. सामाजिक सरोकारों, बेहतर प्रबंधन और जनसेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों का प्रतिफल मोतीनगर वक्फ कब्रिस्तान तंजीम कमेटी को एक बार फिर मिला है.

मप्र वक्फ बोर्ड ने पुनर्गठन के साथ मोतीनगर वक्फ कब्रिस्तान तंजीम कमेटी का भी पुनर्गठन करते हुए 11 सदस्यीय नई समिति का गठन किया है. बोर्ड ने इरशाद खान को लगातार तीसरी बार अध्यक्ष तथा पत्रकार नफीस खान को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है.

वक्फ कब्रिस्तान तंजीम कमेटी पिछले कई वर्षों से कब्रिस्तान की व्यवस्थाओं तक सीमित नहीं रही, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए अनेक जनहितकारी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रही है. समिति ने सेवा, पारदर्शिता और अनुशासित कार्यप्रणाली के माध्यम से समाज के बीच अपनी अलग पहचान स्थापित की है.

जानकारी के अनुसार कोरोना महामारी के दौरान जब कई परिवार मुश्किल दौर से गुजर रहे थे, तब कमेटी के युवाओं ने मानवता का परिचय देते हुए धर्म और समुदाय से ऊपर उठकर लोगों की मदद की. मुस्लिम समाज के साथ-साथ हिंदू समाज के जरूरतमंद परिवारों की अंतिम यात्रा और अंतिम संस्कार में भी सहयोग किया गया. कई ऐसे मामलों में, जहां परिजन असहाय थे, कमेटी के सदस्यों ने स्वयं आगे बढ़कर अंतिम संस्कार की व्यवस्थाएं संभालीं. समिति ने मोतीनगर कब्रिस्तान एवं ईदगाह परिसर के विकास को भी प्राथमिकता दी, परिसर में आरसीसी सड़क, शेड, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, नियमित साफ-सफाई, वृक्षारोपण और हरित वातावरण विकसित करने जैसे कार्य कराए गए. लगातार हुए इन विकास कार्यों के चलते परिसर आज स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आकर्षक स्वरूप में नजर आता है, जिसकी स्थानीय नागरिक भी सराहना करते हैं.वक्फ बोर्ड ने तीसरी बार इसी टीम को जिम्मेदारी सौंपकर उनके कार्यों पर अपनी मुहर लगाई है. इस अवसर पर कमेटी पदाधिकारियों ने वक्फ बोर्ड का आभार व्यक्त किया है. कमेटी की ओर से वक्फ बोर्ड प्रदेश अध्यक्ष डॉ सनवर पटेल, विधायक शैलेंद्र जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी के सहयोग, मार्गदर्शन और सकारात्मक समर्थन के लिए उनका विशेष आभार भी व्यक्त किया गया.